दिनांक 26.09.2023 को सम्पन्न साप्ताहिक विभागीय समीक्षा बैठक (VC) से संबंधित कार्यवाही :–

**PMGSY**

1. सभी कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि PMGSY-III की योजनाओं की स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराये गये 560 पथों की सूची (Google spreadsheet) के exclusion Report की हस्ताक्षरित प्रति BRRDA को शीघ्र उपलब्ध करायें ताकि समर्पित योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त की जा सके।

2. सभी कार्य प्रमंडल को सूचित किया गया कि OMMAS पर PMGSY-III की सभी freezed योजनाओं को unfreeze कर दिया गया है। तद्नुसार योजनाओं में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की प्रविष्टि के साथ–साथ भुगतान की कार्रवाई की जा सकती है।

3. सभी कार्य प्रमंडलों को सूचित किया गया कि eMARG पर Performance Evaluation के क्रम में दिये गये अंकों को PIU द्वारा अनुमोदन के क्रम में Artificial Intelligence आधारित Allert की सुविधा दी गयी है, जिसके आधार पर पथ की वास्तविक स्थिति के Photograph एवं दिये गये अंकों में यदि अंतर पाया जाता है तो कार्यपालक अभियंता को अनुमोदन करते समय Allert प्राप्त होगा। इसके पश्चात् अनुमोदन के क्रम में आवश्यक कारणों की प्रविष्टि अनिवार्य होगी।

4. **<u>BHUVAN Portal के संबंध में :–</u>**

BHUVAN Portal पर प्रमंडलों द्वारा किये जा रहे त्रुटियों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि प्रमंडलों की प्रगति असंतोषजनक है। इस कार्य में सबसे धीमी प्रगति वाले 10 कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर (38.08%), औरंगाबाद (37.48%), महराजगंज (36.37%), मढ़ौरा (35.77%), पूर्णिया (33.34%), वायसी (32.88%), जयनगर (32.50%), सासाराम–1 (31.97%), बक्सर (31.14%) एवं बलिया (31.12%) हैं, जिनका दर्शाया गया प्रतिशत कार्य नचसवंक किया जाना लंबित है।

**निदेश:–** बैठक में सभी कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि इस कार्य को हर हाल में 30 सितम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जाये अन्यथा प्रमंडलों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी।

5. **<u>eMARG के संबंध में :–</u>**

PMGSY योजनान्तर्गत पंचवर्षीय रूटीन अनुरक्षणाधीन पथों में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये तैयार Vouchers के विरूद्ध भुगतान की प्रगति अच्छी नहीं पायी गयी। कुल तैयार Vouchers के विरूद्ध लंबित रखने वाले शीर्ष 10 defaulter कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद (172 में 166), गया (129 में 127), भभुआ (123 में 123), शेरघाटी (121 में 121), नवादा (112 में 96), झाझा (94 में 94), दाउदनगर (90 में 85), टिकारी (115 में 78), मोतिहारी (82 में 74) एवं सिवान–1 (63 में 59) हैं।

**निदेश:–** सभी कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि 5–वर्षीय रूटीन अनुरक्षण कार्य ससमय नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

6. **भौतिक रूप से पूर्ण कार्यो। के अंतिम विपत्र का निष्पादनः–**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत भौतिक रूप से पूर्ण 235 कार्यों को वित्तीय रूप से पूर्ण किया जाना लंबित है।

**निदेशः**– सभी संबंधित कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि 30 सितम्बर, 2023 तक लंबित अंतिम विपत्रों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

7. सभी कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि Google spreadsheet पर उपलब्ध कराये गये PMGSY-I के पथों को Geo Sadak Portal पर draw आवश्यक Latitude Longitude की विवरणी Google spreadsheet में शीघ्र प्रविष्ट किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

8. ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अक्टूबर, 2023 में कार्यालय स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में कार्यालयों की साफ–सफाई के साथ–साथ लंबित कार्यों का निष्पादन शीघ्र किये जाने का निदेश है।

सभी कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि कार्यालयों की साफ–सफाई के साथ–साथ CPGRAM के लंबित उत्तरों को शीघ्र नवसवंक कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

## SQC

1. PMGSY योजना से संबंधित Completed category के NQM ATR निरीक्षण की तिथि से छः माह के अन्दर कराये गए सुधार कार्य SQM से सत्यापित कराकर NRIDA को समर्पित किया जाना होता है तथा छः माह से अधिक लम्बित होने की स्थिति में ATR मुख्य अभियंता के वांछित Contention Report के साथ समर्पित किया जाना होता है। RWD Whatsapp पर दी गई सूची के अनुसार NQM ATR छः माह से अधिक लम्बित होने की स्थिति में संबंधित कार्य प्रमंडल से स्पष्टीकरण की माँग की जाए तथा एक वर्ष से अधिक लम्बित होने की स्थिति में भी स्पष्टीकरण की माँग की जाए। स्पष्टीकरण नहीं समर्पित करने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की जाए।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

2. ATR जो NEAs से संबंधित है के पथ का अद्यतन एवं स्पष्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्या इस पथ में किसी अन्य योजना से कार्य हो गया है अथवा नहीं। यदि हो गया हो तो पथ की वर्त्तमान स्थिति से अवगत करायें। (सूची RWD Whatsapp पर द्रष्टव्य)

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

3. कार्य प्रमंडल द्वारा समर्पित NQM ATR में प्रायः NQM Test Pit के इर्द–गिर्द सुधार कार्य कराया जाता है तथा पथ के शेष लंबाई में कोई भी जाँच से संबंधित टिप्पणी ATR में नहीं दी जाती है, जिसके लिए NRIDA द्वारा मार्च 2022 में निर्गत पत्र के माध्यम से अप्रसन्नता जाहिर की गई है। अतएव NQM निरीक्षण के पश्चात सुधार कार्य कराने से पूर्व NQM Test Pit के दोनों तरफ 50 m Consecutive intervals पर तब तक जाँच की जाए जब तक कि Satisfactory Report नहीं मिल जाता है। इन Test Report को भी QCR में Entry की जाए ताकि यह साक्ष्य के रूप में परलक्षित हो सके कि सुधार

Stretch किस रूप में तय किया गया है। तदोपरान्त सुधार कार्य कराकर SQM से सत्यापित ATR समर्पित किया जाए। उक्त Course of Action की विवरणी ATR के Format-III Column 6 में अवश्य रूप से करें।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

**राज्य योजना (NABARD)**

नाबार्ड योजनान्तर्गत आमंत्रित निविदा NIT No. 1,2,3 एवं 4 के अधीन प्राप्त निविदाओं के तकनीकी बीड सक्षम प्राधिकार को तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, आरा, अररिया, बगहा–1, बलिया, बॉका–1, बाढ़, बारसोई, बेनीपट्टी, बेनीपुर, भभुआ, बिरौल, छपरा–1, छपरा–2, दलसिंहसराय, दरभंगा–1, डिहरी, धमदाहा, फारबिसगंज, गया, गोपालगंज–1, हाजीपुर, हरनौत, हिलसा, झाझा, झंझारपुर, कटिहार, खड़गपुर–तारापुर, किशनगंज–1, किशनगंज–2, मधेपुरा, महनार, महुआ, मढ़ौरा, मसौढ़ी, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर पूर्वी–1, मुजफ्फरपुर पूर्वी–2, मुजफ्फरपुर पश्चिम, पकड़ीदयाल, पटोरी, पीरो, पुपरी, रक्सौल, समस्तीपुर, शिवहर, शेरघाटी, सिमरी बख्तियारपुर, सीतामढ़ी, सोनपुर, सुपौल, त्रिवेणीगंज, उदाकिशुनगंज एवं वीरपुर को निदेश दिया गया।

सभी कार्य प्रमंडल से Comperative Statement की अद्यतन स्थिति एवं PCR से संबंधित स्थिति की समीक्षा की गई तथा अविलंब CS एवं PCR समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

**MMGSY**

सभी कार्य प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि MMGSY (Gen,SC & ST) योजना अन्तर्गत मुख्यालय से दी गई आवंटन की UC & DC Bill ससमय भेजा जाय। मई 2023 में दी गई आवंटन की UC अभी तक लंबित है संबंधित कार्य प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि अविलंब इसे भेजा जाय।

MMGSY अवशेष योजना अन्तर्गत Tranch-I में स्वीकृत पथों का DPR एवं Drop पथों का List एक सप्ताह के अंदर मुख्यालय को समर्पित करें।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

**FDR**

वैसे सभी कार्य प्रमंडल जिनके क्षेत्राधीन वर्तमान बाढ़ / अतिवृष्टि के कारण पथ क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके कार्यपालक अभियंता द्वारा 2nd stage Drone Videography का डै॰ पर Uploading कार्य में शिथिलता बरतने के लिए अभियंता प्रमुख द्वारा खेद व्यक्त किया गया।

उनके द्वारा बताया गया कि मात्र 6 प्रमंडल ही ऐसे हैं जिनके द्वारा Stage-I एवं II में समान संख्या में Video Upload किया गया है।

इस संबंध में उनके द्वारा बताया गया कि विभागीय पत्रांक–4982 दिनांक 21.09.2023 का संदर्भ दिया गया जिसमें वर्णित है कि निश्चित तिथि तक Video Upload नहीं होने पर उन पथों में Motorable कार्य की राशि आवंटित नहीं की जायेगी।

शेष 29 कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि अगले 3 दिनों में Stage-II का Video निश्चित रूप से MIS पर अपलोड कर दिया जाय।

(31)

तत्पश्चात् Motorable कार्य पूर्ण होने पर Stage-III के Video को भी Upload कर दिया जाय। जिन पथों में बाढ़ का पानी उतरने के उपरांत यदि पथ में कटाव नहीं हुआ है, तो उन पथों के संबंध में पत्र के माध्यम से मुख्य अभियंता–4/FDR कोषांग को सूचित कर दिया जाय।

(अनुपालन-- कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

**MIS**

मुख्यालय के द्वारा मांगी गई CWPI से संबंधित कार्यों की Physical Financial and Reason of delay (Stage P-I से P-6 तक) की समीक्षा की गई। लगभग 4–5 कार्य प्रमंडल द्वारा भेजी गई कंजं संतोषजनक नहीं पाई गई। संबंधित कार्य प्रमंडलों को निर्देश दिया कि दो दिनों के अंदर कंजं मुख्यालय को उपलब्ध कराये।

(अनुपालन-- कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।**

(हस्ताक्षर) 29/9/23

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– 5088 /दिनांक 29/9/2023

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता, सभी कार्य अंचल/कार्यपालक अभियंता, सभी कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 29/9/23

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– 5088 /दिनांक 29/9/2023

प्रतिलिपि :– सभी मुख्य अभियंता एवं नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 29/9/23

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– 5088 /दिनांक 29/9/2023

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेव साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 29/9/23

अभियंता प्रमुख